राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | जमशेदपुर, बुधवार 19 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 13 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 71 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




### जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी का कारनामा

# वोकेशनल शिक्षकों के इंटरव्यू कॉल में धांधली

## रजिस्ट्रार के एमबीए डिग्रीधारी पीए और एमसीए पास क्लर्क को साक्षात्कार के लिए बुलाया, दूसरों की अनदेखी

**मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी 22 जून को अपना द्वितीय स्थापना दिवस मनायेगा. संभव है इससे पूर्व विश्वविद्यालय अपनी दो साल की उपलब्धियां भी गिनाये. इससे पहले ही वोकेशनल कोर्स बीबीए, बीसीए कोर्स में शिक्षक पद पर नियुक्ति के लिए इंटरव्यू में कॉलेज करने को लेकर गड़बड़ी प्रकाश में आयी है. इसे लेकर सवाल उठने लगा है. वजह यह है कि यूनिवर्सिटी की कुलपति ने उनसे मिलने गयी एक महिला उम्मीदवार को बीबीए की छात्राओं को पढ़ाने के लिए नेट क्लिफाइड अथवा पीएचडी धारक होना अनिवार्य बताते हुए लौटा दिया. वहीं कई स्नातकोत्तर (एमबीए या एमसीए) उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए कॉल किया गया है. यूनिवर्सिटी सूत्रों के अनुसार बीबीए के लिए बुलाये गये करीब 15 में से चार-पांच उम्मीदवार ही नेट क्वालिफाइड अथवा पीएचडी धारक हैं. इनके अलावा सभी एमबीए उत्तीर्ण हैं.

जानकारी के अनुसार बीबीए में शिक्षक पद के लिए कम से कम एमबीए और बीसीए के लिए एमसीए पास होना अनिवार्य है. बावजूद कुछ उम्मीदवारों को नेट उत्तीर्ण अथवा पीएचडी की उपाधि नहीं होने का




हवाला देते हुए इंटरव्यू के लिए कॉल नहीं किया गया है. हालांकि इस पद का विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद उम्मीदारों का आवेदन स्वीकार करते हुए यूनिर्सिटी परिसर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में शुल्क के रूप में 600 रुपये (प्रति उम्मीदवार) जमा करा लिये गये.

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस नियुक्ति में रजिस्ट्रार के पीए जय किशोर प्रसाद और अपने एक क्लर्क रंजीत कुमार राय को इंटरव्यू के लिए कॉल किया है. बताया जा रहा है कि ये नेट क्वालिफाइड अथवा पीएचडी धारक नहीं हैं. जय किशोर प्रसाद के पास एमबीए और रंजीत कुमार राय के पास एमसीए की डिग्री है. बावजूद इन्हें इंटरव्यू के लिए कॉल किया गया है.एक महिला उम्मीदवार ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि वह प्रथम श्रेणी में एमबीए उत्तीर्ण है. बावजूद उसे इंटरव्यू के लिए कॉल नहीं किया गया है. यूनिवर्सिटी में संपर्क करने पर उसे बताया गया कि उसका आवेदन शुल्क जमा चालान अपलोड ही नहीं हुआ है. वहीं उसने यूनिवर्सिटी की कुलपति से मुलाकात की, तो उन्होंने बताया कि नेट अथवा पीएचडी धारक होना अनिवार्य है. उम्मीदवार ने सवाल किया है कि यदि चालान अपलोड नहीं हुआ है, तो क्या उसे आवेदन शुल्क लौटाया जायेगा?

### जानकारी नहीं : कुलसचिव

यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रो राजेंद्र जायसवाल से इस संबंध में बात की गयी, तो उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है. हां, 19 जून को इंटरव्यू के लिए उम्मीदवारों को बुलाया गया है, लेकिन इस संबंध में अधिक जानकारी सीवीसी (को-ऑर्डिनेटर वोकेशनल कोर्स) से मिल पायेगी.

### सीवीसी ने फोन नहीं उठाया

इस संबंध में सीवीसी डॉ अन्नपूर्णा झा से मोबाइल पर जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन दो बार तो उन्होंने आवाज नहीं आने की बात कह कर फोन रख दिया. उसके बाद उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा. हालांकि उनके व्हाट्सएप पर कुछ सवाल लिख कर भेजे गये. बावजूद उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया.

### जमशेदपुर प्रखंड में पदस्थापित कई अधिकारी दिनभर रहते हैं गायब

# जवाबदेह नदारद, फरियादी परेशान, किससे करें शिकायत

- दोपहर 12 .30 तक नहीं पहुंचे थे बीडीओ-सीओ
- कई विभागों के कार्यालयों में दिनभर लटका रहता है ताला

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

सरकार के जवाबदेह मुलाजिम ही अगर अपने कार्यालय से गायब रहेंगे तो निचले स्तर के कर्मचारी कितनी तन्मयता से कार्य करेंगे, यह समझ सकते हैं. प्रखंडों के लिए मंगलवार एवं शुक्रवार को मुख्यालय दिवस घोषित किया गया है. एक तरह से उस दिन जनता दरबार लगाने का निर्देश है. मुख्यालय आने वाली जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करना है.

मुख्यालय दिवस के दिन वरीय से लेकर कनीय व चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की उपस्थित अनिवार्य होती है. लेकिन मंगलवार को जमशेदपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बीडीओ-सीओ समेत कई अधिकारी दोपहर 12.30 बजे तक कार्यालय नहीं पहुंचे थे. शुभम संदेश अखबार के संवाददाता ने जब इसकी पड़ताल की तो पाया कि दर्जनभर विभागों के कार्यालयों में ताला लटक रहा है. वहीं अपनी समस्याएं लेकर मुख्यालय आए लोग अधिकारियों के आने का इंतजार कर रहे हैं. कई फरियादी तो थक हारकर लौट गए.

जमशेदपुर प्रखंड सह अंचल मुख्यालय के दो मंजिले भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बैठने के लिए 45 कमरे (हॉल समेत) हैं. मुख्यालय के ग्राउंड फ्लोर में अंचल कार्यालय है. जहां अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक, नजारत, प्रधान लिपिक, समेत राजस्व निरीक्षक कंप्यूटर ऑपरेटर वगैरह बैठते हैं. वहीं इसी तल पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का भी कार्यालय है. जबकि प्रथम तल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी. प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, जनगणना कोषांग, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी समेत अन्य के कमरे हैं.

### इन विभागों के कार्यालयों पर लटका रहा ताला




प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), प्रखंड सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सांसद कक्ष, विधायक कक्ष, जनगणना कोषांग, प्रखंड समन्वयक समेत कई कक्ष भी बंद थे.

> *विभागीय कार्य से रांची हाई कोर्ट जाने के कारण मंगलवार को कार्यालय नहीं जा पाया*
> **मनोज कुमार अंचल अधिकारी**

> *जेएनएसी में मीटिंग में मौजूद रहने के कारण प्रथम पाली में कार्यालय नहीं जा पायी*
> **सुधा वर्मा, बीडीओ**

### तीन माह से नहीं मिली है पेंशन- राजेंद्र दुबे

परसुडीह थानान्तर्गत खासमहल के रहने वाले बुजुर्ग राजेंद्र अग्रवाल मंगलवार को अपने बकाया पेंशन के संबंध में जानकारी लेने सुबह 11 बजे आए थे. लेकिन उस समय पेंशन से जुड़ी जानकारी देने के लिए कोई नहीं था. दो घंटे इंतजार के बाद वे लौट गए. कहा कि बुढ़ापे में पेंशन ही सहारा है. तीन माह से परेशान हैं.

### तालाब अतिक्रमण की नहीं कर पाए शिकायत

बागबेड़ा थानान्तर्गत हरहरगुटू देवता भवन के समीप रहने वाले विजय चंद्रवंशी अंचलाधिकारी से मिलने आए थे.अंचलाधिकारी एवं अंचल निरीक्षक का कक्ष बंद रहने के कारण वे उनसे नहीं मिल सके. उन्होंने बताया कि हरहरगुटू से सटे घाघीडीह मौजा में राजा तालाब से सटे सरकारी तालाब का अतिक्रमण कर उसे भर दिया गया है. इसकी शिकायत करने के लिए अंचल कार्यालय आए थे. अधिकारियों के नहीं रहने के कारण बैरंग लौटना पड़ा.

# पांच नक्सलियों को ढेर करने वाली टीम सम्मानित

**संवाददाता। चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिले में सोमवार को गुवा और जेटेया थाना क्षेत्र के लिपुंगा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों द्वारा पांच नक्सलियों को ढेर किए जाने के बाद पुलिस महानिदेशक झारखंड अजय कुमार सिंह ने इसमें शामिल सुरक्षा बलों की पूरी टीम को सम्मानित किया.

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने मीडिया को बताया कि यह पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है. सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाते हुए पांच को ढेर किया और दो नक्सलियों को गिरफ्तार भी किया है. पश्चिम सिंहभूम जिला पूरे झारखंड का सबसे बड़ा नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता है. यह राज्य के लिए गौरव की बात है कि सुरक्षा बलों ने अपने दो वर्षों के ऑपरेशन के दौरान इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है. इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है. डीजीपी ने कहा कि पश्चिम सिंहभूम का देश के अति नक्सल प्रभावित जिलों में 12वां व झारखंड में पहला स्थान है. जल्द ही सारंडा और इस जिले को नक्सली मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा. उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भी पूरे देश की नजर इस जिले पर थी. इसमें भीर बिना किसी नुकसान के पुलिस ने सफलतापूर्वक चुनाव कराने में सफलता पाई है. यह भी जिला और झारखंड पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि रही.





इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक के साथ आईजी ऑपरेशन होमकर अमोल विनुकांत, सीआरपीएफ के डीआईजी एसके लिंडा, जोनल आईजी अखिलेश झा, एडीजी ऑपरेशन संजय ए लाठकर, झारखंड जगुआर डीआईजी इंद्रजीत महथा, एसपी आशुतोष शेखर, जिला पुलिस के अन्य पदाधिकारी एवं डीएसपी अभियान आदि उपस्थित थे. चाईबासा पुलिस लाइन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें ऑपरेशन में शामिल सीआरपीएफ, कोबरा, जगुआर और जिला पुलिस के अधिकारियों और जवानों को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पुरस्कृत किया. डीजीपी ने कहा कि यह झारखंड पुलिस और जिला पुलिस के लिए बहुत बड़ी सफलता है. पिछले दो सालों से नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें पुलिस और सुरक्षाबलों को काफी सफलता मिल रही है. सीआरपीएफ, पुलिस, जगुआर, कोबरा द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है, जब तक नक्सलियों का सफाया नहीं हो जाता. नक्सली या तो हिंसा का मार्ग, हथियार छोड़कर मुख्य धारा में शामिल हो अन्यथा ऐसे ही सुरक्षाबलों द्वारा मार गिराया जाएगा.

उल्लेखनीय है कि पश्चिम सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित गुवा थाना क्षेत्र स्थित लिपुंगा जंगल में सोमवार की सुबह अनमोल दस्ते के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हो गई थी. इस मुठभेड़ में दो महिला समेत पांच माओवादी नक्सली मारे गए थे. उनमें 10 लाख का इनामी जोनल कमेटी मेंबर सिंगराई. पांच लाख का इनामी सब जोनल कमेटी मेंबर कांडे होनहागा के अलावा एरिया कमांडर सूर्या उर्फ मुंडा देवगम और एक महिला नक्सली सपनी हांसदा शामिल हैं. कोल्हान और सारंडा क्षेत्र में साल 2022 से अबतक कुल 17 कैंपों का निर्माण किया गया है. सरजोमबुरु में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का तथाकथित ईआरबी मुख्यालय हुआ करता था. चाईबासा जिला में भाकपा माओवादी और पीएलएफआई के विरूद्ध साल 2022 से अबतक कुल 5972 अभियान संचालित किया गया है. अभियान के दौरान वर्ष 2022 से अबतक कुल 169 नक्सलियों (116 माओवादी/53 पीएलएफआई उग्रवादी) को गिरफ्तार किया गया. इस दौरान मुठभेड़ के दौरान कुल छह नक्सलियों को मारा गया है.

# कटहल तोड़ने पर की भाई की हत्या

**संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर से सटे सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली में एक ओर जहां लोग बकरीद का जश्न मनाने में जुटे थे वहीं दूसरी ओर जमीन विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी. मामला कपाली ओपी क्षेत्र के मिल्लत नगर का है. जहां 42 वर्षीय अमजद अली की उसके बड़े भाई अहमद अली ने रॉड से सिर पर वार कर हत्या कर दी. अहमद ने सिर पर कई वार किए जिससे अमजद की मौके पर ही मौत हो गई. घटना स्थल पर चारो ओर खून पसरा हुआ था. घटना को अंजाम देने के बाद अहमद मौके से फरार हो गया.

इधर, घटना के बाद गुस्साए लोगों ने हमलावर के घर पर मौजूद लोगों को बंधक बना लिया. मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को शांत कराने का भी प्रयास किया पर भीड़ और उग्र होती चली गई. मौके पर एसडीपीओ सुनील कुमार रजवार, चांडिल सर्कल इंस्पेक्टर अजय कुमार तिवारी और कपाली ओपी प्रभारी सोनु भी मौके पर पहुंचे और भीड़ को शांत करवाने का प्रयास किया. लोगों की मांग थी कि हत्या के आरोपी भाई. कांग्रेस नेत्री



मृतक की फाइल फोटो.

रोकैया खातून और नगर परिषद उपाध्यक्ष सरवर आलम की गिरफ्तारी की जाए और कपाली ओपी प्रभारी को भी हटाया जाए. देर शाम तक गिरफ्तारी का आश्वासन मिलने के बाद मामला शांत हुआ. जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

दरअसल, दोनों भाईयों के बीच काफी लंबे समय से जमीन विवाद चला आ रहा है. इसे लेकर पूर्व में भी अहमद ने अपने पिता की भी पिटाई की थी जिस मामले में वह जेल भी गया था. जेल से आने के बाद दोनों भाइयों के बीच जमीन को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा था.

बताया जाता है कि जमीन विवाद में कांग्रेस नेत्री रोकैया खातून और नगर परिषद उपाध्यक्ष सरवर आलम ने भी अहमद की मदद की. मंगलवार सुबह अमजद घर के पेड़ पर लगे कटहल को तोड़कर ले जा रहा था. इसी बात को लेकर अहमद ने पीछे से रॉड से हमला कर अमजद की हत्या कर दी. परिजनों ने बताया कि मृतक ऑटो चलाता था जबकि हमलावर पुट्टी करने का काम करता था. फिलहाल पुलिस परिजनों के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच करने में जुट गई है.

### पहले भी एसपी से की थी शिकायत

परिजनों ने बताया कि पूर्व में जमीन विवाद को लेकर अहमद ने अपनी पिता पर जानलेवा हमला किया था. इसको लेकर अहमद को जेल भी भेजा गया था. वहीं एक माह पूर्व अमदज ने सरायकेला खरसावां एसपी को भी एक ज्ञापन सौंपकर अपने जान को खतरा बताया था पर पुलिस ने इसकी जांच नहीं की. जिसके बाद मंगलवार को अहमद की हत्या कर दी गई. परिजनों ने बताया कि पुलिस मामले को गंभीरता से लेती तो आज अमजद की हत्या नहीं होती.

## ब्रीफ खबर

### तापमान में गिरावट से गर्मी से मिली राहत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के तापमान में पिछले 24 घंटे में 2.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई. जिसके कारण मंगलवार को शहर का तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस रहा. हालांकि यह सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस अधिक है. फिर भी लोगों को दिनभर उमस भरी गर्मी का अहसास नहीं हुआ. तापमान में गिरावट का प्रमुख कारण अहले सुबह कहीं-कहीं वर्षा का होना रहा. साथ ही आसमान में दिनभर बादल छाए रहे. मौसम में परिवर्तन का प्रमुख कारण उत्तर-पूर्व असम में साइक्लोनिक सर्कुलेशन का बनना है. जिसके कारण बंगाल की खाड़ी विंड्स मॉश्चर उत्पन्न हुआ है. झारखंड सटा राज्य होने के कारण यहां मानसून जैसी स्थिति दिखी. हालांकि यह मानसून नहीं है. मौसम पूर्वानुमान पदाधिकारी डॉ. अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में मानसून का प्रवेश बिहार एवं बंगाल के रास्ते चार दिन बाद होने की संभावना है. हालांकि इन चार दिनों तक साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से मौसम खुशनुमा बना रहेगा.

### समाधान | टाटा स्टील यूआईएसएल की बिजली के लिए कंसल्टेंट की बहाली जल्द

# बिजली के लिए बस्तियों में होगा आवेदन फॉर्म का वितरण

**भुइयांडीह, लालभट्ठा, बाबूडीह क्षेत्र, जेम्को, गायत्रीनगर, ग्वाला बस्ती और लक्ष्मीनगर में बिजली का नेटवर्क बिछाएगी टाटा स्टील यूआईएसएल**

**मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर**

टाटा यूआईएसएल के महाप्रबंधक वीपी सिंह ने बिरसानगर में कंपनी की बिजली देने के लिए युद्धस्तर पर कार्य शुरू कर दिया गया है. इसके लिए कंपनी ने बहुत जल्द ही कंसल्टेंट की नियुक्ति करने की घोषणा की है. उन्होंने मंगलवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के साथ बिजली संबंधी मुद्दों पर बैठक की. पिछले ही दिनों श्री राय ने वीपी सिंह से आग्रह किया था.

उन्होंने कहा था कि बिरसानगर, मोहरदा, बागुनहातु, बागुननगर, बारीडीह बस्ती, छायानगर, भुइयांडीह, लालभट्ठा, बाबूडीह, जेम्को, लक्ष्मीनगर, गायत्रीनगर समेत सभी बस्तियों में जुस्को की बिजली देने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जाय. इस पर ही महाप्रबंधक श्री सिंह ने कंसल्टेंट नियुक्ति की घोषणा की. बैठक में सरयू राय ने बारीडीह, शांतिनगर, शक्तिनगर में टाटा स्टील यूआईएसएल से बिजली देने के लिए सब स्टेशन स्थल का चयन तेजी से करने की बात कही. विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय में संपन्न इस बैठक में टाटा लीज क्षेत्र एवं इससे सटी अन्य बस्तियों के निवासियों को कंपनी का विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने को लेकर गठित कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे.

टाटा स्टील यूआईएसएल के विद्युत महाप्रबंधक ने बताया कि मोहरदा, मुराकाटी क्षेत्र में कंपनी की ओर से बिजली उपलब्ध कराने के लिए केबुल बिछाने का कार्य शुरू हो गया है. मोहरदा के लिए टेल्को सीवरेज प्लांट, रमनी काली मंदिर के समीप सब-स्टेशन का निर्माण होगा. बागुनहातु में सब स्टेशन निर्माण के लिए बागुननगर नशा मुक्ति केंद्र के समीप निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है. बागुनहातु क्षेत्र में सब स्टेशन निर्माण समेत बस्तियों में एलटी



नटवर्क का भी कार्य साथ-साथ किया जाएगा. भुइयांडीह में जुस्को बिजली के लिए नेटवर्क बिछाने का कार्य शुरू होगा. इसके लिए आवश्यक वित्तीय अनुशंसा प्राप्त हो गयी है.

टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारियों ने बताया कि छायानगर, ह्यूमपाइप, कल्याणनगर में जुस्को बिजली देने के कंपनी लिए तैयार है. इन बस्तियों से अभी तक 28 आवेदन प्राप्त हुए हैं. क्षेत्र के लोग बिजली कनेक्शन प्राप्त करने के लिए आवेदन करें. उन्हें बिजली का कनेक्शन दिया जाएगा. उल्लेखनीय है कि विधायक सरयू राय के इस प्रयास से लगभग दो हजार घरों के लोग तक टाटा स्टील यूआईएसएल की बिजली से लाभिंकत होंगे. बागुननगर क्षेत्र में ब्लॉक 'बी' और 'सी' में नेटवर्क बिछाने का कार्य तेज करने के लिए श्री राय ने अधिकारियों को निर्देश दिया. बागुननगर क्षेत्र में विद्युत क्षमता को 2 केवीए से बढ़ाकर 10 केवीए करने के लिए श्री राय की पहल पर बागुननगर में एक नये सब स्टेशन का निर्माण पूरा हो गया है. पॉवर भी चार्ज कर लिया गया है. क्षेत्र के निवासियों को बिजली कनेक्शन देने के लिए फॉर्म दिया जा रहा है. श्री राय ने पिछली बैठक में बागुननगर के 'डी' ब्लॉक, ताँबा टोली में भी बिजली देने का प्रस्ताव कंपनी को दिया था. इस पर अभी कार्य करने की सहमति बनी है. विधायक श्री राय ने बैठक में जोर देते हुए कहा कि बारीडीह, शांतिनगर, शक्तिनगर में सब-स्टेशन स्थल का चयन जितनी जल्दी हो सके, कंपनी की ओर से कर लिया जाय.

### छायानगर और ह्यूमपाईप में टीएस यूआईएसएल की बिजली मिलेगी

विधायक श्री राय की पहल पर जेम्को, लक्ष्मीनगर, गायत्रीनगर क्षेत्र में जुस्को बिजली का नेटवर्क और सब स्टेशन निर्माण के लिए भौतिक सत्यपान अतिशीघ्र होगा. 10 नं. बस्ती, कशीडीह, सीतारामडेरा में कंपनी हाईमास्ट एवं स्ट्रीट लाइट लगाएगी. बैठक में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के कार्यपालक अभियंता, टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रतिनिधि, जमशेदपुर अक्षेस के प्रतिनिधि, विधायक सरयू राय के निजी सचिव सुधीर सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

# आदित्यपुर में युवा राजद जिलाध्यक्ष के भाई और दोस्त को मारी गोली

- आधी रात को चाय दुकान में हुआ झगड़ा
- दोनों घायल का टीएमएच में चल रहा है इलाज

**संवाददाता । आदित्यपुर**

आदित्यपुर के एस टाइप चौक के पास आधी रात को चाय दुकान में हुए झगड़ा के बाद कुछ युवकों ने युवा राजद जिलाध्यक्ष के भाई और उसके दोस्त पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं. गोली लगने से दोनों घायल हो गए हैं. जानकारी के अनुसार आदित्यपुर थाना क्षेत्र के मांझीटोला संजय नगर के पास देर रात बदमाशों ने विवाद के चलते दो युवकों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी. इसमें सरायकेला-खरसावां युवा राजद जिलाध्यक्ष उदित यादव के भाई समेत एक अन्य युवक को गोली लगी है. दोनों का टीएमएच में इलाज चल रहा है.

आदित्यपुर दिन्दली बस्ती निवासी युवा राजद जिला अध्यक्ष उदित यादव के भाई विवेक यादव अपने दोस्त जशनप्रीत उर्फ भुट्टर के साथ ट्रांसपोर्ट में चलने वाले अपने ट्रकों का काम पूरा कर देर रात घर लौटे थे. इस बीच एस टाइप मोड़ बीडीएस मॉल के समीप एक चाय दुकान में कुछ युवकों के साथ झगड़ा हुआ. बाद में विवेक यादव व जशनप्रीत अपनी हुंडई वेरना कार से वहां से निकल गए. जशनप्रीत को नेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स मोड़ के पास छोड़ने के दौरान अचानक काले रंग की वेन्यू कार में पहुंचे 4 से 5 युवकों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं. इससे जसप्रीत उर्फ भुट्टर के पेट में गोली लगी, जबकि मौके पर मौजूद विवेक यादव के गले के पास से गोली छूकर निकल गई.

घटना के बाद देर रात दोनों घायलों को टीएमएच में भर्ती कराया गया है. वहां जशनप्रीत का ऑपरेशन किया जा रहा है. विवेक यादव ऑब्जर्वेशन में हैं. बता दें कि आदित्यपुर एस टाइप चौक के पास बीडीएस मॉल के बगल में एक चाय दुकान देर रात तक खुलती है. वहां अक्सर विवाद होता आया है. इससे पूर्व भी वहां कई बार मारपीट की घटनाएं घटी हैं. देर रात चाय दुकान खुले रहने के चलते असामाजिक तत्व का जमावड़ा भी लगा रहता है

## ब्रीफ खबरें

### संविधान का खुद पालन करें खुशीपुर : कुलविंदर

**जमशेदपुर।** बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान और राष्ट्रीय सनातन सिख सभा के संयोजक अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने टिनप्लेट गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरजीत सिंह खुशीपुर से आग्रह किया है कि वह सीजीपीसी को जेबी संस्था बनाने से रोकें और संविधान का सख्ती से पालन करवाएं. कुलविंदर ने कहा है कि भगवान सिंह बताएं कि संविधान के किस प्रावधान के तहत मुझे हटाया और मेरी कमेटी भंग की गई. उन्होंने प्रधान भगवान सिंह से कई सवाल करते हुए कहा कि वह संविधान की व्याख्या अपने ढंग से करते है.

### सहिस का कुनबा इतना कमजोर नहीं : हेमंत

**जमशेदपुर।** पूर्व मंत्री व आजसू के केंद्रीय महासचिव रामचंद्र सहिस का कुनबा इतना कमजोर नहीं है कि चार लोगों के अन्य दल में शामिल हो जाने से कमजोर पड़ जायेगा. यह बात आजसू छात्र संघ के कोल्हान प्रभारी हेमंत पाठक ने कही है. हेमंत ने कहा है कि खासमहाल क्षेत्र के कुछ छात्र नेताओं ने जेएमएम का दामन थामा है. जिन छात्र नेताओं को आजसू छात्र संघ का कोल्हान कमेटी, जिला कमिटी, महानगर कमेटी का पदाधिकारी बताया जा रहा है. दरअसल उनमें से सिर्फ एक एलबीएसएम कॉलेज कमेटी के अध्यक्ष थे.

### हाइवा को पिकअप वैन ने मारी टक्कर, दो घायल

**बहरागोड़ा।** थाना क्षेत्र के एन एन 49 पर चित्रेश्वर मोड़ के समीप मंगलवार शाम को खड़े हाईवा (OD09V4149) के पीछे पिकअप वैन(JH05DD6385) ने जोरदार टक्कर मारी जिससे चालक गुहिपाल पंचायत अंतर्गत बांकदह गांव निवासी अंशुमान बेरा और सहचालक मानुषमुड़िया गांव निवासी विकास कुंडू बुरी तरह से घायल हो गये. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा में दोनों का प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए उच्च चिकित्सा हेतु रेफर कर दिया गया.

### फायरिंग मामले में सिटी एसपी से मिला एक पक्ष

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत कालू बगान में 14 जून की रात हुई मारपीट और फायरिंग के मामले में काउंटर केस दर्ज होने के बाद मंगलवार को एक पक्ष सिटी एसपी से मिलने पहुंचा. इस दौरान सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह, चेयरमैन शैलेंद्र सिंह, सुखविंदर राजू और सुखविंदर सिंह बिट्टू समेत बस्ती के लोग मौजूद थे. सीजीपीसी के चेयरमैन शैलेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को कालू बगान में मारपीट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने हमलावरों के बयान पर ही प्राथमिकी दर्ज कर ली है जो कि गलत है.

### जिला भाजयुमो के दो पदाधिकारी पदमुक्त

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) जमशेदपुर महानगर के मीडिया प्रभारी मोंटी अग्रवाल एवं भाजयुमो जमशेदपुर महानगर के आईटी सेल प्रभारी आशीष कुमार साहू को अनुशासनहीनता के आरोप में शोकॉज, पदमुक्त और निलंबित कर दिया है. बताया गया है कि उक्त दोनों पदाधिकारी फेसबुक अकाउंट से संगठन एवं पार्टी के वरीय नेताओं के पर लगातार टिप्पणी कर रहे थे. इसे संज्ञान में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कार्रवाई उक्त कार्रवाई की है. सुधांशु ओझा ने कहा है कि भाजपा में अनुशासन सर्वोपरि है.

### गुड़ाबांदा में प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

**डुमरिया।** गुड़ाबांदा प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक बीडीओ डांगुर कोड़ा के अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में मनरेगा, पशुपालन, कल्याण विभाग, छात्रवृत्ति, साईकिल वितरण योजना, 15 वीं वित्त आयोग, आबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, पीएम जनमन, आदिम जनजाति आवास , कृषि, केसीसी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, स्वास्थ्य, हर घर जल हर घर नल , वन विभाग से संबंधित योजना से संबंधित योजनाओं पर समीक्षा किया गया. सभी संबंधित को समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया.

## घाटशिला कॉलेज में मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता अभियान का शुभारंभ

# शिक्षक व छात्रों ने नशा मुक्त समाज निर्माण में सहयोग का लिया संकल्प



**संवाददाता | घाटशिला**

घाटशिला कॉलेज में मादक पदार्थों (नशा) के खिलाफ आठ दिवसीय अभियान मंगलवार से शुरू हो गया. प्रथम दिन शिक्षक एवं छात्रों ने संकल्प लिया कि वे नशा मुक्त समाज के निर्माण में पूरा सहयोग करेंगे. वे स्वयं किसी भी तरह का मादक पदार्थ जैसे गांजा, चरस, अफीम, हेरोइन, कोकिन, अल्कोहल आदि का उपयोग अपने जीवन में कभी नहीं करेंगे. अपने परिवार, मित्र एवं समुदाय के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे. यह शपथ दिलाते हुए प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं का सहयोग आवश्यक है. नशा सेवन से उत्पन्न समस्याओं को युवा वर्ग अपने मित्रों एवं परिवार के लोगों को बताएंगे तो इसका समाज पर बहुत असर पड़ेगा.

**निर्णायक मंडल गठित**

प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि इस आठ दिवसीय अभियान में कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा. पुरस्कार हेतु चयन के लिए पांच सदस्यीय निर्णायक मंडली का गठन किया गया है. निर्णायक मंडली में प्रो. इंदल पासवान, लेफ्टिनेंट महेश्वर प्रमाणिक, प्रो. सोमा सिंह, डॉ कन्हाई बारीक एवं डॉ कंचन सिन्हा को शामिल किया गया है.

- आठ दिनों तक चलेगा लोगों को सचेत करने का कार्यक्रम
- छात्रों और शिक्षकों ने ली नशा नहीं करने की शपथ

प्राचार्य डॉ चौधरी ने कहा कि स्वस्थ जीवन, खुशहाल परिवार एवं आदर्श समाज के निर्माण हेतु नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करें. कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो इंदल पासवान ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेश्वर प्रमाणिक ने किया. इस मौके पर प्रो मानिक मार्डी, डॉ सिंगो सोरेन, निरंजन महतो, सरयू पॉल, रुचि अस्मिता के अलावे काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

# चुनावी समर के लिए तैयार हो जाएं कार्यकर्ता : सहिस

## तुलसी भवन में हुई आजसू पार्टी जिला कमेटी की बैठक

**मुख्य संवाददाता | जमशेदपुर**



आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी की एक बैठक मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन मे हुई. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने की. बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता चुनावी समर के लिए तैयार हो जायें. क्योंकि राज्य में विधानसभा का बिगुल कभी भी बज सकता हैं. इसके लिए पार्टी की केंद्रीय कमेटी की ओर से निर्धारित कार्यक्रमों को सफल बनाने के साथ ही अधिक से अधिक युवाओ को एकजुट करना हैं. पार्टी की ओर से जिन्हें भी जिम्मेदारी दी गई है अथवा नए लोगों को दायित्व दिया गया है, वे सभी अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभायें. साथ ही सभी प्रखंड अध्यक्ष और सचिव स्थानीय जनमुद्दों के साथ आंदोलन करें. प्रखंड कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करें और सरकार के अधिकारियों को मौजूदा सरकार के घोषणा पत्र को दिखाते हुए उसे पूर्ण करने को बाध्य करें. ताकि स्थानीय स्तर पर लोगों को बीच आजसू और अन्य दलों के बीच फर्क पता चले.

पार्टी के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि पार्टी मे अनुशासन बना कर कार्य करना होगा, तभी राजनीति मे बेहतर करने की कल्पना की जा सकती है. अन्यथा आप राजनीति करने के लायक नहीं हैं. इस दौरान पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी आलाकमान के निर्देशों के अनुसार सभी कार्यकर्ताओं को कमर कस कर तैयार रहने और बेहतर ढंग से कार्य करने को कहा गया. इसके लिए विधानसभावार प्रभारियों को जिम्मेदारी भी दी गयी.

**आगामी दिनों में होने वाले पार्टी के कार्यक्रम**

- 22 जून को आजसू पार्टी स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप मे मनाने के साथ ही सभी विधानसभा क्षेत्र मे एक हजार युवाओं का सम्मेलन
- 26 जून से 26 जुलाई तक सभी विधानसभा में ग्राम प्रभारी, चूल्हा प्रमुख और पिलर मेंबर का सम्मेलन और पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो स्वयं दिलायेंगे शपथ, 30 जून को हुल दिवस मनाएगी आजसू पार्टी
- 8 अगस्त को झारखंड प्रदेश के निर्माता और आजसू पार्टी के संस्थापक सदस्य निर्मल महतो की पुण्यतिथि पर रांची स्थित मोरहाबादी मैदान मे 1 लाख युवाओ के साथ सम्मेलन की तैयारी
- 9 अगस्त को आदिवासी दिवस मनाने के साथ ही गांव में आदिवसी अखाड़ा लगायेगी पार्टी
- प्रत्येक विधानसभा में 100 पौधे रोपे जायेंगे
- 16 अगस्त से पूरे प्रदेश मे पदयात्रा करेंगे पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो और समापन 2 अक्टूबर को

**कार्यक्रमों के लिए नियुक्त विधानसभा प्रभारी**

| | |
|---|---|
| जुगसलाई | : रामचंद्र सहिस |
| पोटका | : डोमन टुडू |
| बहरागोड़ा | : फणीभूषण महतो |
| जमशेदपुर पूर्वी | : चंद्रगुप्त सिंह |
| जमशेदपुर पश्चिम | : मुन्ना सिंह, चंद्रेश्वर पांडेय, धनेश कर्मकार |

# आदित्यपुर में ट्रैफिक डीएसपी कार्यालय खोलने का प्रस्ताव

**संवाददाता | आदित्यपुर**



सरायकेला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का कार्य क्षेत्र बड़े होने और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू करने को लेकर सरायकेला एसपी मनीष टोप्पो ने पुलिस मुख्यालय को आदित्यपुर में डीएसपी कार्यालय और ट्रैफिक डीएसपी कार्यालय खोलने का प्रस्ताव भेजा है.

एसपी सरायकेला ने शुभम संदेश को बताया कि चूंकि सरायकेला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का कार्य क्षेत्र काफी बड़ा हो जाता है, जिसमें उनके जिम्मे करीब 11 थाना के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्र खरसावां का भी इलाका पड़ता है. ऐसे में सरायकेला के एसडीपीओ को बड़ा कार्य क्षेत्र संभालने में कठिनाई हो रही है. इन्हीं बातों को देखते हुए उन्होंने यह प्रस्ताव भेजा है. इतना ही नहीं एक ट्रैफिक इंस्पेक्टर के जिम्मे पूरे जिले की ट्रैफिक व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी पड़ती है इस बात ध्यान में रखते हुए उन्होंने आदित्यपुर में विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने आदित्यपुर में डीएसपी और ट्रैफिक डीएसपी का कार्यालय खोलने का प्रस्ताव भेजा है. बता दें कि नगर निगम क्षेत्र की आबादी पिछले 10 वर्षों में दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है.

# साप्ताहिक जनता दरबार में डीसी से मिले दर्जनों फरियादी

**संवाददाता | आदित्यपुर**



जिला समाहरणालय में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण को लेकर आए लोगों से उपायुक्त (डीसी) रवि शंकर शुक्ला मिले. उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना और उनके आवेदनों को उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसरित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए. साथ ही उपायुक्त ने कुछ समस्याओं का तत्काल ही समाधान भी किया. बता दें कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है. इसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं. मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में मुख्य रुप से भूमि विवाद, आय प्रमाण पत्र निर्गत करने, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, आगामी रथ मेला को देखते हुए खरसावां प्रखंड अंतर्गत मुख्य सड़कों की मरम्मती, सड़क दुर्घटना में मृत के आश्रित को मुआवजा राशि भुगतान करने समेत विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए हैं. सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसरित किया गया है.

# विवादित जमीन मामले में दोषी पर होगी कार्रवाई : विधायक

**संवाददाता | घाटशिला**



विधायक रामदास सोरेन ने मंगलवार को गालूडीह स्थित झामुमो कार्यालय में पुतरू गांव की विवादित जमीन को लेकर प्रेस वार्ता कर कहा कि पुतरू जमीन विवाद से वातावरण बिगड़ा है, लोग भयभीत हैं. उन्होंने कहा कि विवाद की शुरूआत कैसे हुई, सच्चाई सामने आनी चाहिए. उन्होंने कहा कि 46 ग्रामीणों पर नाम सहित मामला दर्ज कर लिया गया जो संदेह की तरफ इशारा करता है. इसको लेकर जांच रिपोर्ट प्रशासन से मांगी गयी है. रिपोर्ट अभी तक नहीं मिली है. विधायक ने कहा कि उन्हें जांच में पता चला है कि जो जमीन विवादित है वहीं से कैनाल भी गया है. इसका भुगतान वर्ष 2003-04 में ग्रामीणों को मिला है. जो जमीन विवादित है वह दशरथी गोप, तारा गोप, उमा गोप, लक्ष्मी गोप का है. इसका 12 सितंबर 2023 को नन्द गोप को पावर एंटोनी दे दिया और नंनद गोप ने महज 16 दिन में ही यह जमीन बेच दी. उन्होंने कहा कि 10 दिनों के अंदर जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है.

# हादसे में बाइक सवार भाई-बहन घायल

**संवाददाता | घाटशिला**





धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के शाहिदा पेट्रोल पंप के समीप एनएच 18 फोरलेन पर मंगलवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार भाई व बहन गंभीर रूप से घायल हो गए. भाजपा नेता लखन मार्डी के छोटे भाई मार्शल मार्डी घाटशिला लालडीह से अपनी बहन सुष्मिता मार्डी को लेकर अपने पैतृक गांव गुड़ाबांदा प्रखंड के सिंहपुरा पंचायत स्थित तरासपुर गांव पहुंचाने जा रहे थे. इसी क्रम में पीछे से आ रहे किसी वाहन ने साइड से टक्कर मार दी और दोनों हाइवे पर गिर पड़े. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. एस चटर्जी ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को एमजीएम रेफर कर दिया. घायल युवती के दोनों हाथ टूट गए हैं और पैर में भी चोट लगी है. मार्शल मार्डी को गंभीर चोट लगी है. उसके सामने के दांत टूट गये हैं और सिर पर गंभीर चोट है. जानकारी के अनुसार परिजन उनका इलाज टीएमएच में इलाज करवा रहे हैं.

**परेशानी** बारिश में विलंब से किसान मायूस, खेत में नहीं डाल पा रहे बीज

# मानसून रूठा तो टूट जाएगी धान के किसानों की कमर

- संपन्न किसान ही तैयार कर पा रहे धान का बिचड़ा
- प्रचंड गर्मी के कारण पूरी तरह सूख चुकी है नमी

**संवाददाता | घाटशिला**



मासूनन में देरी के कारण प्रखंड में बारिश नहीं होने से किसान मायूस हैं. धान की रोपनी का समय गुजरता जा रहा है लेकिन किसान खेत में धान का बिचड़ा नही डाल पा रहे है. कुछ वैसे किसान, जिनके खेत के पास नहर, तालाब और बोरिंग के पानी की सुविधा है, वही धान का बिचड़ा खेत में डालकर कर तैयार कर रहे हैं, ऐसे किसानों का बिचड़ा अगले 10 दिनों के अंदर रोपनी के लायक हो जायेगाा. लेकिन ऐसे किसानों की संख्या गिनीचुनी ही है.

इस संबंध में दामपाडा क्षेत्र के किसान शशी भुषण मानकी, रायसेन मुर्मू समेत अन्य किसानों का कहना है कि धान का बिचड़ा डालने का उचित समय एक से लेकर 20 जून तक होता है. अगर धान का बिचड़ा समय पर तैयार हो जाता है तो पहली बारिश में ही इसे रोपा जा सकता है. इस बार प्रचंड गर्मी के कारण जमीन का नमी पूरी तरह से सुख गई है.

बारिश समय पर होने की आस में खेत से खर पतवार निकालने के लिए जुताई कर दी थी, लेकिन बारिश नहीं होने के कारण जो बचीखुची नमी थी, वह भी चली गयी.

अब स्थिति ऐसी उत्पन हो गई है कि बिना बारिश के खेत में बिचड़ा कैसे डालेंगे. बारिश में देर हुई तो किसानों की उम्मीद और डूबती चली जायेगी. अगर दो चार दिन के अंदर बारिश नही होती है तो किसान की कमर ही टूट जायेगी. क्योंकि यहां की प्रमुख फसल धान ही है.

**क्या कहते है पदाधिकारी**

*धान का बिचड़ा एक से लेकर 30 जून तक खेत में डाल सकते हैं. किसान कुछ दिन और इंतजार करें. लेकिन किसान को यह ध्यान रखने की जरूरत है कि कम दिन वाला धान का बीज अब खेत में डाले तो ज्यादा फायदा होगा.*

**–प्रहलाद पुष्टी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी**

## न्यूज अपडेट

### शोक संतप्त परिवार से मिल कर दी सांत्वना



**घाटशिला।** जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने सर्पदंश से मृत युवक के परिजन से सोमवार की शाम गांव जाकर मुलाकात की. बता दें कि घाटशिला थाना अंतर्गत भादुआ पंचायत के जामबाद गांव निवासी 18 वर्षीय सावना हांसदा की 16 जून को सर्पदंश से मौत हो गई थी. सावना परिवार का इकलौता चिराग था. इस घटना से परिवार मे मातम का माहौल है. जिला परिषद सदस्य ने शोक संतप्त परिवार से मिला कर गहरी संवेदना प्रकट की है. श्रीमती मुर्मू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र मे सर्पदंश की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं. हर स्वास्थ्य केंद्र मे एंटीस्नेक वेनम उपलब्ध होनी चाहिए. लेकिन सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था लचर है. काड़ाडुबा स्वास्थ्य केंद्र साधनविहीन है. दामपाड़ा 60 मौजा के ग्रामीणों को बेहतर इलाज के लिए जूझना पड़ रहा है.

### कोलकाता के नेत्र विशेषज्ञ ने की मरीजों की जांच



**घाटशिला।** मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला घाटशिला में मंगलवार को गुरु मेडिकल की ओर से नेत्र जहां शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में कोलकाता के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. आरके राय एवं बेलदा से जनरल फिजिशियन डॉ. एस साहा ने मरीजों की जांच की. इस मौके पर डॉ. आरके राय कहा कि क्षेत्र में आंख के सैकड़ों मरीज हैं जिन्हें इलाज की सख्त जरूरत है. ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण चिकित्सक की कमी है, इससे बिना इलाज के ही मरीज को रहना पड़ता है. इसलिए उन्होंने निर्णय लिया कि निशुल्क नेत्र जांच शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की जांच कर बेहतर इलाज की जाए. उन्होंने कहा कि गुरु मेडिकल के बापी दा एवं विश्वनाथ नामाता की पहल से शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में काफी संख्या में लोग लाभान्वित हुए.

### भालुकखुलिया में लगा 25 केवी का ट्रांसफार्मर



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत पाथरा पंचायत भालुकखुलिया गांव में 25 केवी का ट्रांसफार्मर एक महीने से खराब पड़ा था. गांव की महिलाओं ने कुछ दिन पूर्व क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य फूलमनी मुर्मू को समस्या से अवगत कराया था. इसपर पहल करते हुए जिला परिषद सदस्य ने सम्बन्धित पदाधिकारी को अवगत करा कर ट्रांसफार्मर बदलने का आग्रह किया था. इसपर विभाग ने मंगलवार को नया ट्रांसफॉर्मर ग्रामीणों को उपलब्ध कराया. इसका उद्घाटन मानुषमुड़िया के मुखिया राम मुर्मू ने फीता काट कर किया. नया ट्रांसफॉर्मर मिलने की खुशी में ग्रामीणों ने जिप सदस्य फूलमनी मुर्मू, बिजली विभाग के अधिकारी एवं मुखिया राम मुर्मू का आभार प्रकट किया. मौके पर कारान सोरेन, पाण्डु हांसदा, धानी टुडू, पानो टुडू, मालती सोरेन आदि उपस्थित थे.

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर एडीजे ने की बैठक



**घाटशिला।** प्रधान जिला न्यायाधीश के निर्देशानुसार मंगलवार को घाटशिला व्यवहार न्यायालय में 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु समीक्षा बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता एडीजे-1 केके शुक्ला ने की. एसीजेएम एनएन सागा ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर अपना सुझाव दिया. अनुमंडल विधिक समिति घाटशिला के सचिव दिनेश बाउरी ने राष्ट्रीय लोक अदालत के लक्ष्य की चर्चा की. सभी विभागों को निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक मामलों का समझौता के आधार पर निष्पादन किया जाए. बैठक में विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों के शाखा प्रबंधक सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि के अलावा घाटशिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश शर्मा, महासचिव बबलू मुखर्जी सहित अन्य उपस्थित थे.

### मानुषमुड़िया के डॉक्टर का दिल का दौरा पड़ने से निधन



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत मानुषमुड़िया पंचायत के ग्राम मानुषमुड़िया के प्रख्यात डॉक्टर प्रणव कुमार दे का मंगलवार को सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया. इसकी सूचना पाते ही बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार मोहंती, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य आदित्य प्रधान, जिला परिषद फुलमनी मुर्मू, मुखिया राम मुर्मू सह आसपास क्षेत्र के ग्रामीण, बुद्धिजीवी एवं समाजसेवी उनके पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन करने एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके आवास पहुंचे. साथ ही भगवान से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें. वहीं लोगों का कहना है कि उनका असमय चले जाना क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है.

### किसानों को दी जैविक खाद की जानकारी



**घाटशिला।** लिंडी फाउंडेशन की ग्राम साथी संस्था देवघर की टीम ने मंगलवार को झांटीझरना के किसानों को विभिन्न फसलों की जानकारी दी. खास करके रासायनिक खाद छोड़कर फिर से पारंपरिक जैविक खाद की ओर लौटने के लिए टीम ने किसानों से आग्रह किया. राजेश कुमार सिंह ग्राम साथी की ओर से गांव पहुंचे. मुखिया पुष्पा सिंह एवं विजय सिंह को साथ में लेकर गांव वालों के साथ बैठक की. राजेश सिंह ने पारंपरिक जैविक खाद की गुणवत्ता के बारे में बताया और इससे किस तरह मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है इस संबंध में किसानों को विस्तृत जानकारी दी. उत्क्रमित उच्च विद्यालय झांटीझरना के उर्दू शिक्षक डॉ. कमर अली ने कहा कि रासायनिक खाद हमारे लिए बहुत हानिकारक है.

### परसुडीह में बंग बंधु साउथ जोन की बैठक आयोजित



**जमशेदपुर।** शहर में बंग समाज के हितों के लिए काम करने वाली संस्था 'बंग बंधु' अब जोनल कमेटियों के गठन की दिशा में कदम बढ़ा रही है. मंगलवार को परसुडीह स्थित लोकनाथ भवन में साउथ जोन की बैठक हुई, जिसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई. बैठक में बंग बंधु संस्था की अध्यक्ष अपर्णा गुहा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे. इस दौरान पूर्वी सिंहभूम जिला एवं इससे बाहर निवास करने वाले बंग समुदाय के लोगों को एक मंच पर लाने तथा झारखंड में उनका हक व अधिकार दिलाने पर विचार-विमर्श किया गया. बैठक में संस्था की ओर से समाजसेवी अंजलि बोस को सम्मानित किया गया. साथ ही अस्वस्थ चल रहे बंग बंधु संस्था के अरुप मजुमदार को पदाधिकारियों ने उनके घर जाकर सम्मानित किया .

### आदिवासी हो समाज युवा महासभा की कला एवं संस्कृति भवन हरिगुटू चाईबासा में हुई बैठक

# 13 व 14 जुलाई को आदिवासी हो समाज का महासम्मेलन

- युवा महासभा की राष्ट्रीय कमेटी का होगा पुनर्गठन
- दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा
- दिल्ली में भाषा की संवैधानिक मान्यता पर होगा सेमिनार

**संवाददाता | चाईबासा**

महासभा कला एवं संस्कृति भवन हरिगुटू, चाईबासा में मंगलवार को आदिवासी हो समाज युवा महासभा की बैठक हुई. बैठक में प्रखंड, अनुमंडल, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के कमिटी के पदाधिकारीगण शामिल हुए. बैठक की अध्यक्षता युवा महासभा के अध्यक्ष ने की.

आदिवासी हो समाज महासभा द्वारा प्राप्त निर्देश पत्र के आलोक में कमिटी पुनर्गठन के संबंध में चर्चा हुई. सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि 13 और 14 जुलाई को आदिवासी हो समाज युवा महासभा की ओर से दो-दिवसीय आदिवासी युवा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा. इस महोत्सव के माध्यम से युवा महासभा की राष्ट्रीय कमिटी का पुनर्गठन होगा. इसके अलावा हो भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने हेतु दिल्ली 4.0 के तहत आदिवासी हो समाज युवा महासभा के नेतृत्व में आगामी अगस्त के अंतिम सप्ताह या सितम्बर के पहला सफ्ताह में जंतर-मंतर नई दिल्ली में धरना-प्रदर्शन देने के संबध में निर्णय लिया गया. इसमें दिल्ली में समाज के युवाओं के बीच भाषा की संवैधानिक मान्यता तथा पार्लियामेन्ट्रि प्रोशिड्युर के बारे में एक सेमिनार का आयोजन होगा. इस पर दिल्ली पुलिस-प्रशासन से अनुमति लेने के लिए सप्ताह भर में आवेदन दिया जाएगा.

उक्त तिथि को अनुमति मिलते ही घोषणा होगी. भाषा की लंबी लड़ाई को लेकर सदस्यों को जानकारी दी गई कि लगातार इस अभियान के माध्यम से आदिवासी हो युवा महासभा के तत्वावधान में पोस्ट कार्ड अभियान चलाया जा रहा है. इसे सफल बनाने के लिए समाज के लोगों से सामाजिक और आर्थिक सहयोग के लिए अपील की जाएगी.



चाईबासा में आदिवासी हो समाज युवा महासभा की बैठक में शामिल पदाधिकारी और सदस्य.

## 6 माह से राशन नहीं लिया है तो रद होगा राशन कार्ड

**जमशेदपुर** । राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन कार्ड बनवाकर खाद्यान्न का उठाव नहीं करने वाले कार्डधारियों की विभाग सूची तैयार करवा रहा है. विभाग ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सभी पणन पदाधिकारी को पत्र भेजकर इस आशय की सूची मांगी है.

तीन दिनों के अंदर ऐसे सभी कार्डधारियों की सूची डीलरवार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि पीडीएस डीलर शत-प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण नहीं कर रहे हैं अथवा कार्डधारी स्वयं खाद्यान्न का उठाव नहीं कर रहे हैं. जबकि विभाग के पास नए राशन कार्ड के आवेदन अभी भी लंबित हैं. ऐसे में लंबे समय से खाद्यान्न का उठाव नहीं करने वाले लाभुकों के राशन कार्ड को रद करने की नियमानुसार कार्रवाई की जा सके.

## न्यूज अपडेट

### जेनरल कामगार यूनियन का खुला जिला कार्यालय

**चाईबासा** । झारखंड जेनरल कामगार यूनियन का जिला कार्यालय का उद्घाटन माहुलसाई में बुधवार किया गया. इसमें काफी संख्या में सक्रिय मजदूर सदस्य शामिल हुए. उद्घाटन में विशेष रूप से मेजर पद से रिटायर्ड प्रधान सुंडी शामिल हुए. सभा में जॉन मिरन मुंडा ने कहा कि धनी जिला के आदिवासी लोग गरीबी रेखा से नीचे जीने को मजबूर हैं. मजदूरों का न्यूनतम वेतन 600 रुपये लागू कराना पहली प्राथमिकता होगी. सभा को मानसिंह त्रिया, माधव चंद्र कुंकल, उप प्रमुख टोंटो मुक्ता लागुरी ने भी संबोधित किया.



### ठेसापीढ़ गांव में सर्पदंश से युवक की तबीयत बिगड़ी

**चक्रधरपुर** । चक्रधरपुर प्रखंड की ठेसापीढ़ गांव में सर्पदंश से एक युवक की तबीयत बिगड़ गई. बताया जाता है कि पांड्राशाली के गुतुहातू गांव निवासी बिरसा बोदरा चक्रधरपुर के ठेसापीढ़ गांव स्थित अपने ससुराल आया था. बिरसा बोदरा नहाने के लिए घर के बाहर स्थित स्नानागार जा रहा था. इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसके पैर में डंस लिया. इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई. उसने इसकी जानकारी घर वालों को दी. परिजन ने उसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया. बिरसा बोदरा को एंटी स्नैक वेनम इंजेक्शन दिया गया है.



### पोसैता स्टेशन के समीप अज्ञात महिला का शव बरामद

**चक्रधरपुर** । हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग के पोसैता रेलवे स्टेशन के समीप कारो रेल पुल से मंगलवार को पुलिस ने एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया. बताया जाता है कि कुछ लोगों ने मनोहरपुर थाना क्षेत्र के पोसैता रेलवे स्टेशन के समीप कारो रेल पुल के पास एक अज्ञात महिला का शव देखा. इसकी सूचना मनोहरपुर पुलिस को दी. वहीं सूचना मिलने पर मनोहरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल भेज दिया. साथ ही पुलिस अज्ञात महिला की जांच पड़ताल में जुट गई. इस संबंध में मनोहरपुर पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि संभवतः किसी ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हुई है.



### बंद अभिजीत प्लांट से चोरी का स्क्रैप के साथ दो धराए

**चाईबासा** । बुरूडीह स्थित बंद अभिजीत प्लांट से स्क्रैप चोरी मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्क्रैप लोड एक पिकअप वैन को ज़ब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार बीते रात खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की स्क्रैप लोड पिकअप वैन चोरी कर निकला गया है. इसके बाद पुलिस ने तफ़्तीश शुरू की, इसी कड़ी में पुलिस को सफलता हाथ लगी. इस सूचना पर पुलिस की ओर से कई जगहों पर वाहन जांच की गयी. वाहन जांच के दौरान बाइक पर सवार दो युवक बुरुडीह गांव के जगदीश पात्रो (30) व लक्षमण मांझी उर्फ हपन मांझी (21) भागने लगे. पुलिस ने दोनों को पकड़ कर सख्ती से पूछताछ कि तो बताया कि वे चोरी के स्क्रैप को खपाने जा रहे थे.



### गांव में सदर सीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**चाईबासा** । सदर प्रखंड अंतर्गत कमरहातु में ग्रामीण मुंडा विरसा देवगम की अध्यक्षता में मंगलवार को ग्रामीणों की बैठक हुई. बैठक में सदर अंचल अधिकारी बुढ़ाय सारू भी शामिल हुए. बैठक में गांव की विकास व समस्याओं को लेकर गंभीरता से चर्चा की गई. सीओ सारू ने ग्रामीणों को सरकार की ओर से विभिन्न संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और मनरेगा, आवास, आंगनबाड़ी केंद्र में मिलने वाला पोषक राशन, जमीन विवाद से जुड़ी प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली. उन्होंने योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया.



### मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए चलेगा कार्यक्रम

**चक्रधरपुर** । क्षेत्र में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम चलाया जाएगा. यह बात प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तपन कुमार सतपति ने कही. वे मंगलवार को चक्रधरपुर के मारवाड़ी प्लस टू विद्यालय सभागार में आयोजित शिक्षकों की गोष्ठी में बोल रहे थे. शिक्षकों की गोष्ठी दो पाली में हुई.पहली पाली में सभी कोटि के उच्च, मध्य एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा दूसरी पाली में सभी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित हुए. इस दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तपन कुमार सतपति ने कहा कि मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर 18 से 26 जून तक विभिन्न विद्यालयों में यह कार्यक्रम चलाया जाना है. इस दौरान छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण पर भी चर्चा की गई.



### प्रखंड कार्यालय के समीप मंत्री दीपक का स्वागत

**चक्रधरपुर** । चाईबासा से रांची जाने के क्रम में मंगलवार को झारखंड के मंत्री दीपक बिरूवा चक्रधरपुर के प्रखंड कार्यालय के समीप रुके. वहां झामुमो जिला संगठन सचिव चमरू जामुदा, 20 सूत्री के अध्यक्ष ताराकांत सिजूई व अन्य ने दीपक बिरूवा का स्वागत किया. इस मौके पर मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा कि कैबिनेट की बैठक में चिन्हित हो चुके आंदोलनकारियों को जल्द से जल्द उनके पेंशन तथा अन्य लाभों से उनका सम्मान हो इस पर चर्चा की जाएगी. साथ ही कल्याण मंत्रालय द्वारा दिए जाने वाले अधिक से अधिक योजनाओं को क्षेत्र में धरातल उतारने का प्रयास करने का आश्वासन देते हुए कहा कि झारखंड सरकार अब बहुत तेजी से काम करने के मूड में है. चुनाव होने से पहले कई तरह का तोहफा झारखंड के नागरिकों को मिलने वाला है. इस मौके पर झामुमो नेता दोड़ाय जोंकों, नगर अध्यक्ष मुन्ना खान एवं बेरगा गागराई समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.



## ब्रीफ खबरें

### ओडिशा के भटली धाम में अर्पित किया श्याम निशान

**जमशेदपुर** । शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्याम भटली परिवार टाटानगर के 41 सदस्यों की टीम ने निर्जला एकादशी के अवसर पर भटली धाम में बाबा श्याम का दर्शन कर निशान अर्पित किया. सभी श्याम भक्तों ने सोमवार को भटली धाम में बाबा श्याम की ज्योत ली एवं पूजा कर मंगलवार को शहर लौटे. इस दौरान राजेश पसारी, गगन रुस्तगी, ललित डाँगा, अभिषेक अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, शिवम पसारी, प्रदीप कुमार अग्रवाल, प्रीतिश गुप्ता, लोचन कुमार वैध, शुभम हारूपका, अशोक कुमार अग्रवाल, अंश डांगा, प्रवीण भालोटिया, मनीष सिंघानिया, मुरारी अग्रवाल, संदीप बजाज, मदन लाल आदि शामिल थे.

### महानगर भाजपा ने योग दिवस के लिए की बैठक

**जमशेदपुर** । 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के सभी मंडलों में योग शिविर का आयोजन किया जायेगा. इस दिन सभी मोर्चा और प्रकोष्ठ की ओर से जिला स्तर पर कार्यक्रम होंगे. इसे लेकर मंगलवार को पार्टी के साकची स्थित जिला कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में बैठक हुई. इसमें 21 जून को सभी मंडलों में योग दिवस मनाने समेत विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई. बैठक में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून से लेकर उनकी जयंती 6 जुलाई तक 'एक पौधा मां के नाम' रोपने की रूपरेखा तय की गई.

### पूर्व सांसद ने पेंशन भुगतान के लिए डीसी को लिखा पत्र

**जमशेदपुर** । कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने जमशेदपुर के उपायुक्त अनन्य मित्तल को एक पत्र लिखा है. इसके माध्यम से उन्होंने पोटका प्रखंड अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा सर्वजन पेंशन योजना के तहत वृद्धा, विधवा, दिव्यांग और असहाय पेंशनधारियों को पेंशन की राशि का भुगतान जल्द कराने का आग्रह किया है. डॉ अजय कुमार ने कहा कि पिछले चार माह से पेंशन नहीं मिलने की वजह से सभी लाभुकों के समक्ष गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है. वे दवा खरीदने और भरण-पोषण में अक्षम हैं. लाभुकों में कई एकल परिवार हैं. उनके समक्ष और ज्यादा समस्या देखने को मिल रही है.

### एंबुलेंस के अभाव में घंटों तड़पता रहा मरीज

**चाईबासा** । एम्बुलेंस के अभाव में जगन्नाथपुर अस्पताल में मरीज घंटों तड़पता रहा. जगन्नाथपुर प्रखंड के जोड़ापोखर निवासी अनिल बलमुचु को सोमवार को बुखार की शिकायत हुई. घरवालों ने उन्हें अस्पताल नहीं ले जाकर घर में ही पूजा करायी. मंगलवार को बुखार ठीक नहीं हुआ, तो जगन्नाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गये. वहां प्रभारी चिकित्सक डॉ जयश्री किरण ने अनिल की जांच की. उनकी नाजुक स्थिति देखते हुए चाईबासा रेफर कर दिया. डॉ जयश्री किरण ने बताया कि 108 एंबुलेंस ड्राइवर ने बिजली बिल नहीं देने के कारण आवास छोड़ दिया है. इस सबंध में जांच की जा रही है.

### पिता को अस्पताल भेजने के लिए चीखती रही दो बेटियां

**जमशेदपुर** । बिरसानगर थाना परिसर में सोमवार देर रात जख्मी पिता को अस्पताल भेजने के लिए दो बेटियां चीखती रही, पर थाना में मौजूद ओडी अफसर ने थाना में वाहन ना होने का हवाला देकर सभी को थाना में बैठाए रखा. हालांकि दो घंटे बाद घायल को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया.

दरअसल बिरसानगर जोन नंबर 1बी निवासी जगन्नाथ बिरुआ की हुरलुंग निवासी राहुल लोहर ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर पिटाई कर दी. सभी ने मिलकर जगन्नाथ का सिर फोड़ दिया. घटना के बाद इसकी सूचना जगन्नाथ की पत्नी को मिलने पर वह घटनास्थल पहुंची और जगन्नाथ को ऑटो से लेकर बिरसानगर थाना पहुंची. वहां पुलिस ने वाहन ना होने का हवाला देते हुए घायल को अस्पताल नहीं भेजा. वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी नेमधारी ने बताया कि घायल थाना में आया था पर उसे इलाज के लिए भेजा गया. पुलिस ने प्राथमिकी भी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.



### रोजाना 100 से 150 लोग मौसमी बीमारी से पीड़ित पहुंच रहे अस्पताल

# प. सिंहभूम में मौसम बदलते ही अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या



चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में ईलाजरत मरीज.



चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में ओपीडी के बाहर ईलाज के लिए कतार में.

**संवाददाता | घाटशिला**

मौसम में बदलाव के साथ इन दिनों मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने लगी है. सिर दर्द, बदन दर्द, बुखार, कमजोरी, खुजली, दस्त इत्यादि की चपेट में लोग आकर बीमार हो रहे हैं. चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में रोजाना एक सौ से डेढ़ सौ मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीज जांच के लिए पहुंच रहे हैं.

यहां मरीजों का इलाज कर दवाइयां दी जा रही हैं. वहीं बड़ी संख्या में मरीज प्राइवेट अस्पताल व क्लीनिक में भी जाकर इलाज करा रहे हैं. चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में सुबह नौ बजे ओपीडी खुलने के साथ ही मरीजों की लंबी कतार लग जाती है. दोपहर तीन-चार बजे तक मरीजों की कतार लगी रहती है. इसमें सबसे ज्यादा मरीज ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचते हैं. इसका असर बच्चों व बुजुर्गों पर सबसे ज्यादा पड़ रहा है. वहीं गंभीर रुप से पीड़ित मरीजों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जाता है. इन दिनों मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी के कारण अस्पताल के बे भी भर गये हैं. इसके कारण मरीजों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशुमन शर्मा ने कहा कि मौसमी बीमारी से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है. उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं. ग्रामीण क्षेत्र में पानी की समस्या होने के कारण लोग गंदे तालाब, नाले इत्यादि का पानी पीने के लिए उपयोग करते हैं.

इससे मौमसी बीमारी की चपेट में आकर लोग बीमार पड़ते हैं. उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारी से बचाव के लिए पानी को उबाल कर पीना चाहिए. तालाब, नाले इत्यादि में नहाने से बचने, सोने के दौरान मच्छरदानी का उपयोग करने, बासी भोजन खाने से बचने, तेल में छने हुये सामान को खाने से बचने इत्यादि की आवश्यकता है. मच्छरों से बचाव करना होगा.

#### अनुमंडल अस्पताल में उपलब्ध हैं दवाएं

चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशुमन शर्मा ने कहा कि मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में दवाएं उपलब्ध हैं. वहीं मरीजों को ओआरएस के पाउडर इत्यादि भी दिये जाते हैं. साथ ही अस्पताल में मलेरिया इत्यादि की जांच नि:शुल्क हो रही है.

## छऊ हमारी संस्कृति व पौराणिक कथाओं का मिश्रण : डॉ. विजय



मासंत पर्व पर छऊ नृत्य मंडलियों के साथ समाजसेवी डॉ विजय सिंह.

**संवाददाता | चक्रधरपुर**

छऊ नृत्य हमारी संस्कृति व पौराणिक कथाओं का मिश्रण है. छऊ नृत्य कलाकार पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर पौराणिक नृत्य पेश करते हैं. इससे एक ओर हमारी संस्कृति, सभ्यता झलकती है. वहीं दूसरी ओर पौराणिक कथाओं का भी ज्ञान होता है. यह बातें पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ विजय सिंह गागराई ने कहीं. वे मंगलवार को चक्रधरपुर प्रखंड की होयोहातु पंचायत के कामेगड़ा गांव में मासंत पर्व पर आयोजित छऊ नृत्य के दौरान बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि छऊ नृत्य कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए वे हमेशा प्रयासरत हैं. इस मौके पर विशिष्ट अतिथि होयोहातु पंचायत के मुखिया रघुनाथ गुंडुवा ने छऊ नृत्य की सराहना की. इस अवसर पर छऊ नृत्य कलाकारों ने गणेश वंदना, रामायण, कृष्णलीला, शिव स्तुति समेत अन्य पौराणिक कथाओं पर आकर्षक नृत्य पेश किए. इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी.

### गोड्डा से रेस्क्यू कर लाये गये भालू की टाटा जू में देखभाल

**जमशेदपुर** । गोड्डा से रेस्क्यू कर लाये गये भालू के बच्चे की देखरेख टाटा स्टील जूलोजिकल पार्क (टाटा जू) में होगी. दो माह पूर्व लाये गये भालू के बच्चे की देखरेख से जुड़ी कोर्ट संबंधी प्रक्रिया पूरी किये जाने के बाद अब इसे पूरी तरह से चिड़ियाघर को सौंप दिया गया है. यहां अब न सिर्फ इसकी देखभाल होगी बल्कि यह जू में लोगों का मनोरंजन भी करेगा. चिड़ियाघर में पहले से ही एक भालू है. दरअसल, गोड्डा जिले के पाथरगामा में एक घर से जंगली भालू के बच्चे को वन विभाग ने बरामद किया था. उसे रानीपुर गांव निवासी सद्दाम कलंदर ने घर में छुपाकर रखा था. जंगल से उसे लेकर आये थे तथा काफी दिनों से उसे पाल रहे थे.

भालू के बच्चे को फरवरी में बरामद किया था. वन विभाग ने टाटा स्टील जूलोजिकल पार्क से उसकी देखरेख करने का आग्रह किया. कोर्ट से सहमति मिलने के बाद भालू के बच्चे को चिड़ियाघर को सौंप दिया गया है. जब वह आया था, तब 12 किलो का था और अभी करीब 30 किलो का हो चुका है.

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य हेतु बीएलओ को दिए निर्देश



प्रखंड कार्यालय में उपस्थित बीएलओ को निर्देश देते सीओ गिरजानंद किस्कू.

**संवाददाता | चक्रधरपुर**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. इसी के तहत मतदाता पुनरीक्षण कार्य का भी काम तेज कर दिया गया है.

इसे लेकर मंगलवार को चक्रधरपुर के प्रखंड कार्यालय सभागार में बीएलओ की बैठक हुई. वहां मौजूद अंचलाधिकारी गिरजानंद किस्कू ने कई निर्देश दिए. इस मौके पर सभी बीएलओ को मतदाता पुनरीक्षण कार्य से संबंधित फॉर्म 6, 7 और 8 के बारे में बताया गया. इस मौके पर सीओ गिरजानंद किस्कू ने सभी बीएलओ डोर टू डोर जाकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य के तहत सत्यापन का कार्य करें. उन्होंने कहा कि 18 वर्ष पूरी करने वाले युवाओं को आवश्यक रूप से मतदाता सूची में जोड़ा जाए. साथ ही मतदाता पहचान पत्र से संबंधित व अन्य त्रुटियों को दूर किया जाए. जिन मतदाता की मृत्यु हो चुकी है, उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए. इस मौके पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के बीएलओ मौजूद थे.

**सफलता** सारंडा व कोल्हान जंगल में 17 नये पुलिस कैंप की स्थापना की गई

# 2022 से 5972 अभियान चले, 169 नक्सली धराए, छह मारे गए


- 53 हथियार, 409 आईईडी बरामद किए गए
- 167 स्पाईक होल, 34 नक्सल कैम्प व बंकर नष्ट

**संवाददाता | किरीबुरू**

पश्चिम सिंहभूम जिला अन्तर्गत सारंडा और कोल्हान जंगल को भाकपा माओवादी नक्सलियों से पूरी तरह मुक्त कराने हेतु वर्तमान पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने वर्ष 2022 से अब तक कुल 17 नये पुलिस कैम्प का निर्माण सुदूरवर्ती जंगल क्षेत्र में कराया.

इसमें 13 स्थायी कैम्प एवं 4 अस्थायी कैम्प शामिल हैं. सरजोमबुरु में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) का तथाकथित इस्टर्न रीजनल ब्यूरो का मुख्यालय हुआ करता था. वर्ष 2024 में सांरडा क्षेत्र के ग्राम तिरिलपोसी में एक कैम्प स्थापित किया गया है एवं ग्राम बालिबा एवं सरजोमबुरू में जनवरी 2024 में कैम्प स्थापित किया गया. चाईबासा जिलान्तर्गत प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी/पीएलएफआई के विरूद्ध वर्ष 2022 से अब तक कुल 5972 अभियान संचालित किया गया है. अभियान के दौरान वर्ष 2022 से अब तक कुल 169 नक्सलियों (116 माओवादी/53 पीएलएफआई) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. इस दौरान मुठभेड़ के दौरान कुल 6 नक्सलियों को मारा गया. साथ ही विभिन्न प्रकार के कुल 53 हथियार, 409 आईईडी, 167 स्पाईक होल, 34 नक्सल कैम्प व बंकर को नष्ट किया गया. जिसमें अगस्त 2023 को टोन्टो अन्तर्गत सरजोमबुरू स्थित भाकपा माओवादियों का तथाकथित ईआरबी मुख्यालय को अभियान के दौरान सुरक्षाबलों के द्वारा ध्वस्त किया गया.

वर्ष 2022 से अबतक पुलिस द्वारा माओवादियों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाये जाने तथा झारखण्ड सरकार की आकर्षक एवं उत्साहवर्धक प्रत्यर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर पुलिस के समक्ष कुल 26 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है. 23 मई 2024 को भाकपा माओवादी नक्सली संगठन का दस्ता सदस्य बुधराम मुण्डा पिता असीम मुण्डा (कुचाई, सरायकेला-खरसावाँ) निवासी. 17 जून को जोनल कमेटी सदस्य काण्डे होनहागा उर्फ गोविन्द नागदुवार उर्फ दिरीसुम (थोलकोबाद, थाना छोटानागरा), सबजोनल कमेटी सदस्य सिंगराय उर्फ मनोज कुंजाम (सूकमा, छत्तीसगढ), दस्ता सदस्य जोंगा (गोईलकेरा), दस्ता सदस्य सुर्या उर्फ मनता देवगम उर्फ मुण्डा (सरजोमबुरू, थाना-टोंटो), दस्ता सदस्य सपनी हांसदा पति टाईगर उर्फ पाण्डू हांसदा (हतनाबुरू थाना छोटानागरा) को मुठभेड़ में मारा गया. इस दौरान एरिया कमांडर टाईगर उर्फ पाण्डू, दस्ता सदस्य बतारी बानरा को गिरफ्तार किया गया.



नक्सलियों के खिलाफ अभियान में निकले सीआरपीएफ के जवान.

